भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1091

उत्तर देने की तारीख 02 दिसंबर, 2024
11 अग्रहायण, 1946 (शक)

खेलो इंडिया योजना का कार्यान्वयन

1091. श्रीमती कमलजीत सहरावत:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

संपूर्ण देश में विभिन्न खेलों के प्रतिभा पूल की पहचान करने में खेलो इंडिया योजना के क्या लाभ हैं?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

खेलो इंडिया स्कीम विशिष्ट दिशानिर्देशों और मानदंडों के आधार पर पैरा-एथलेटिक्स सहित 21 खेलों में एथलीटों को सहायता देकर अपने खेलो इंडिया प्रतिभा विकास कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभाओं को चिन्हित करती है और उनका पोषण करती है। आज तक, इस स्कीम के तहत 2781 खेलो इंडिया एथलीट्स (केआईए) को चिन्हित किया गया है, जिन्हें कोचिंग, उपकरण, चिकित्सा देखभाल और मासिक आउट ऑफ पॉकेट भत्ता (ओपीए) प्रदान किया जाता है। भारतीय खेल प्राधिकरण और अन्य मान्यता प्राप्त अकादमियों के तहत विभिन्न राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (एनसीओई) में प्रशिक्षण ले रहे केआईए लगातार देश के खेल प्रतिभा पूल को मजबूत कर रहे हैं । चीन के हांगझोउ में 2022 के एशियाई खेलों में 644 भारतीय एथलीटों में से 124 केआईए थे और उन्होंने 9 स्वर्ण पदकों सहित भारत के 106 में से 42 पदक जीतकर महत्वपूर्ण योगदान दिया। पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए, 117 एथलीटों के भारतीय दल में 28 केआईए शामिल थे, जो कार्यक्रम की निरंतर सफलता और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में भारत के प्रदर्शन को बढ़ाने में केआईए की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है।

*****